an>

Title: Need to impose cap on pricing of diagnostic centres in the country.

श्री धर्म वीर गांधी (पटियाला) : सर, सबसे पहले मैं अपनी केन्द्र सरकार और अपने स्वास्थ्य मंत्री श्री जे. पी. नड्डा का इस बात के लिए धन्यवाद करना चाहता हूं कि उन्होंने स्टेंट प्राइसिंग को रेशनलाइज़ करके उसमें जो कैप लगा दिया है। इससे स्टेंट की कीमतें एक लाख रुपए से कम होकर सीधे 32,000 रुपए पर आ गयी है। इससे दिल के रोगियों को, जिन्हें एक्यूट हार्ट अटैक होता है, बहुत फायदा हुआ है। जो गरीब मरीज़ हैं, इनकी लूट सिर्फ स्टेंटों के द्वारा ही नहीं होती, बल्कि बहुत-से और भी रास्ते हैं। खासकर, जो इंवेस्टीगेशंस लैब्स हैं और जो रेडियोलॉजिकल सेंटर्स हैं, जैसे सी.टी. स्कैन, एम.आर.आई., अल्ट्रासाउण्ड वाले, वहां बहुत ही अन-फेयर प्राइसिंग है। उन पर भी सरकार ध्यान देकर उसकी प्राइसिंग पर कैप लगाए, ताकि गरीब मरीज़ों को सारे हिन्दुस्तान में फायदा हो सके।

मेरी सरकार से विनती है कि जो डायगनोस्टिक सेंटर्स हैं, इनकी प्राइसिंग पर कैप लगाए।

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri Dharam Vira Gandhi.